# गरीबों को बांटा राशन, घर में रहने की समझाइश

**नारायणगंज।** प्रदान संस्था के द्वारा नारायणगंज के 11 पंचायत के अन्तर्गत आने वाले 21 गांव के 100 परिवारो को राशन किट उपलब्ध कराई गई जिसमें परिवार की वर्तमान जरूरत को ध्यान मे रखते हुए चावल, आटा, दाल, शक्कर, मसाले, चाय पत्ती, बिस्कुट, आलू, माचिस, साबुन दिया गया। आवश्क वस्तु एकल परिवार, वृद्ध और भूमिहीन परिवार के सदस्यों को वितरण किया गया। राशन वितरण के दौरान पंचायत के कोरोना दल को मास्क, ग्लब्ज और सेनेटाइजर वितरण किया गया। गांव में कोरोना महामारी से बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत मे वितरण के समय टिकरिया थाना से डीएसपी सुश्री आकांक्षा उपाध्याय, अभिषेक पचौरी, राजेन्द्र स्वामी, सागर और काव्या राव उपस्थित रहे।



# कोरोना के कर्मयोगी: न घर जाने का समय और न खाने की चिंता, सेवा कार्य में जुटे हैं अधिकारी और कर्मचारी

भास्कर न्यूज, नाराणगंज|

कोरोना के खिलाफ चल रहे महायुद्ध में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी पूरी लगन मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे है। जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने और कोरोना की रोकथाम के लिए जारी की गई गाइडलाइन का पालन करा रहे है। नारायणगंज तहसील में अधिकारी और कर्मचारियो की मेहनत का परिणाम है कि यहां से कोई भूखा नही जा सकता है। गरीबों को हर संभव मदद की जा रही है। सोशल डिस्टेंसिंग लोगो को समझा रहे है।

## पैदल चलने वालों के लिए उपलब्ध करा रहे वाहन



नारायणगंज तहसीलदार देवीप्रसाद चक्रवर्ती कोरोना से फाइट में शासन की गाइडलाइन का पालन कराने के साथ गरीबों की मदद कर रहे है। बाहर से आने वाले श्रमिकों को वाहन व्यवस्था बना रहे है। तहसील में आने वाले किसी की जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आ रहे है। रात हो या दिन मदद के लिए पीछे नही हट रहे है। नारायणगंज क्षेत्र में तहसीलदार के द्वारा शासन की गाइड लाइन का पालन कराने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## बाहर से आने वाले श्रमिकों की करा रहीं निगरानी



जनपद सीईओ वत्सला शिवहरे भी जनपद क्षेत्र में कोरोना वायरस के लिए लड़ी जा रही जंग में योद्धा की तरह आगे आकर मदद कर रही है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में बाहर से आने वाले श्रमिकों की पूरी जानकारी ले रहीं हैं। उनके क्वारेंटाइन पर नजर बनाए हुई हैं। नारायणगंज में जरूरतमंदों को सामग्री उपलब्ध करा रही है। पंचायतों के माध्यम से गरीबों और बेसहारा को दिये गये अनाज का वितरण करा रहीं हैं।

## पालन कराने में 24 घंटे अलर्ट



टिकरिया थाना प्रभारी सुश्री आकांक्षा उपाध्याय लॉकडाउन का पालन कराने के लिए 24 घंटे सजग हैं। लॉकडाउन का पालन कराने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूक कर रहीं हैं। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करा रहीं हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ रहीं हैं। यहां नारायणगंज में थाना प्रभारी लॉकडाउन का पालन कराने के लिए लोगो को समझाईश दे रहीं है। जिससे शासन की गाइडलाइन का पालन हो सके।

## मरीजों की सेवा



नारायणगंज बीएमओ डा.अमृत कोल मरीजो की सेवा में जुटे हुए है। यहां आने वाले हर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है। इस समय मरीजों के परीक्षण के दौरान विशेष सतर्कता बरतनी पड़ रही है लेकिन सेवा भाव में कोई कमी नहीं है। प्रशासनिक कार्य के साथ चौबीस घंटे मरीजो के लिए उपलब्ध है।

## गरीबों को खिला रहे खाना



ग्राम पंचायत सचिव देवहार अभिषेक शर्मा द्वारा गरीबों को भोजन कराया जा रहा है। थाने के पास स्टाल लगाया है। पैदल, ट्रक चालक और अन्य लोगो को भोजन करा रहे है। लॉकडाउन के बाद से ही भोजन कराया जा रहा है। कोई भी यहां से भूखा नहीं जाता है। टीम की खासियत है कि अधिकारियों को हर जानकारी उपलब्ध करा रहे है। जिससे प्रशासन के द्वारा भी जरूरतमंद की मदद की जा सके।